दिन– बुधवार                                                                                    दिनांक– 02 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                    अवधिः– 15 मिनट

---

01. वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पारित होने के लिए पेश किया जाएगा।

02. केन्द्र सरकार ने बोधगया में बौद्ध ध्यान और अध्यात्म केंद्र बनाने की परियोजना को मंजूरी दी।

03. लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की आशंका।

————————————————————

वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पारित होने के लिए पेश किया जाएगा। अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सदन में विधेयक पर चर्चा के लिए आठ घंटे रखे गये हैं। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी है कि सदन की राय जानने के बाद चर्चा के लिए समय बढ़ाया जा सकता है।

———बाइट————

श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कानून का विरोध कर रहे हैं।

———बाइट————

इधर, भाजपा, जदयू और कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक पार्टियों ने लोकसभा में अपने सांसदों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हिप जारी किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विधेयक का प्राथमिक उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और शासन में कमियों को दूर करना है।

———वॉयसकास्ट———

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य वक्फ बोर्ड के काम को सुव्यवस्थित करना और वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है, जिससे वक्फ

संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। संशोधन विधेयक का उद्देश्य देश में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना है। इसका उद्देश्य पिछले अधिनियम की कमियों को दूर करना और वक्फ की परिभाषाओं को अद्यतन करने, पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार करने और वक्फ रिकॉर्ड के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ाने जैसे बदलाव लाकर वक्फ बोर्डों की दक्षता बढ़ाना है। आकाशवाणी समाचार दिल्ली के लिए आनंद कुमार के साथ सकलेन अख्तर।

इस विधेयक को पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था, जिसके बाद इस बिल पर आगे के विचार–विमर्श के लिए, भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था। समिति को लगभग संतानवे लाख सुझाव प्राप्त हुये थे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने स्वदेश दर्शन–टू प्वाइंट ओ योजना के तहत बोधगया में बौद्ध ध्यान और अध्यात्म केंद्र बनाने की मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के लिए एक सौ पैंसठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गयी है। इसकी पहली किस्त के रूप में सोलह करोड़ रूपये की राशि जारी की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस केंद्र का डिजाईन पश्चिम चम्पारण स्थित केसरिया स्तूप से प्रेरित होगा। केन्द्र पर ध्यान साधना के लिए विशेष कक्ष, डिजिटल प्रदर्शनियों समेत कई सुविधाएं मिलेंगी। इस परियोजना को लागू करने की जिम्मेदारी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को दी गई है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के मौके पर मधुबनी से पन्द्रह सौ पंचायत सरकार भवन में स्थापित डाकघरों का उद्‌घाटन करेंगे। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इन पंचायत भवनों में कई प्रकार की जनसुविधाएं दी जा रही हैं।

———————————————————————

राज्य के एक सौ उनतीस नगर निकायों में बनाए गए आश्रय गृह में चार हजार तीन सौ तीन बेघर लोग रह रहे हैं। नगर विकास और आवास मंत्री जिवेश कुमार ने बताया कि ये सभी आश्रय गृह दीनदयाल जन आजीविका योजना, शहरी के तहत बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि पटना नगर निगम में बारह स्थानों पर स्थाई जर्मन हैंगर बनाए गये हैं। इनमें चार सौ छह लोगों के रहने की व्यवस्था है। श्री कुमार ने बताया कि पटना में आठ और जगहों पर जर्मन हैंगर प्रस्तावित है।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि दो हजार रुपये के अंठानवे दशमलव दो एक फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल छह हजार तीन सौ छियासठ करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी लोगों के पास हैं। गौरतलब है कि उन्नीस मई, दो हजार तेईस को भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई के अनुसार यह सुविधा अभी भी रिज़र्व बैंक के उन्नीस निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। इसके अलावा, आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से दो हजार रुपये के बैंक नोट अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज सकते हैं। आरबीआई ने बताया कि दो हजार रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने हुये हैं।

———————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

———म्यूजिक———

आज शाम व्रती भगवान भास्कर को खीर का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। चार अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि राजधानी पटना में गंगा नदी के अड़तालीस घाटों पर जिला प्रशासन ने छठ व्रतियों के लिए व्यवस्था की है।

———बाईट———

गंगा घाटों पर शौचायल, चेंजिंग रूम, वाटर टैंकर और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पर्व की समाप्ति तक नदी में नाव परिचालन पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से भीड़ की निगरानी की जा रही है। महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। कल दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक अशोक राजपथ पर व्यावसायिक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। वहीं, अटल पथ पर ही जेपी सेतु से सोनपुर की ओर जाने वाले सामान्य वाहनों पर रोक रहेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया है कि देव सूर्य मंदिर में चैती छठ पूजा को लेकर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

———बाईट———

———म्यूजिक———

———————————————————

मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। साथ ही हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रहा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बढ़ती गर्मी के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के परिचालन समय में बदलाव किया है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार अब सभी आंगनबाड़ी केन्द्र सुबह साढ़े सात से साढ़े ग्यारह बजे तक संचालित किये जायेंगे। यह आदेश तीस सितम्बर तक लागू रहेगा।

———————————————————————

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम, बुडको ने वॉलीबॉल खेल के विकास के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को तैंतालीस लाख रूपये की मदद देने की स्वीकृति प्रदान की है। यह मदद कॉरपोटेर सामाजिक उत्तरदायित्व, सीएसआर फंड से दी गयी है। गौरतलब है कि राज्य में लोक उपक्रमों को खेल में सहयोग के लिए एक—एक खेल आवंटित किया गया है।

———————————————————————

राज्य के स्कूली बच्चों के लिए आयोजित मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव के पहले चरण में ऑनलाइन राउंड में पटना के अंबर सिन्हा और ईशान भूषण की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया है। समस्तीपुर के आर्यन राज और अभिराज की टीम दूसरे स्थान पर रही। खेल ज्ञानोत्सव के दूसरे चरण में प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए भी इन टीमों ने क्वॉलिफाई किया है। प्रत्येक प्रमंडल से शीर्ष तीन टीमें प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए क्वॉलिफाई करेंगी।

———————————————————————

आरा स्थित एक आभूषण शो—रूम में भीषण आग लग जाने से लाखों रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। गौरतलब है कि इसी शो—रूम से पिछले दिनों अपराधियों ने करोड़ों रूपये मूल्य के जेवरात लूट लिये थे। इधर, समस्तीपुर जिले के

मोरवा प्रखंड के चकपहाड़ मोड़ में आग लग जाने से सैंकड़ों एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी। दूसरी तरफ, पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया–प्रखंड के सरिसवा वार्ड नम्बर– नौ में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गए।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम के हवाले से लिखा है– अंतरिक्ष से अद्भुत दिखता है भारत।

दैनिक जागरण ने गुजरात में पटाखा फैक्ट्री में हुये हादसे पर लिखा है– अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से बीस की मौत।

दैनिक भास्कर ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में कुलपति और रजिस्ट्रार के बीच विवाद का शीर्षक दिया है– रजिस्ट्रार ने कहा–वीसी ने आदमी भेजकर धमकाया, वीसी बोले–सारे आरोप बेबुनियाद।

प्रभात खबर लिखता है– पूर्व मुख्य अभियंता तारिणी दास के घर ईडी के पहुंचने का सूत्रधार बना संजीव हंस मामले का आरोपित।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा में आज वक्फ बिल पेश होने की खबर को प्रमुखता दी है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पारित होने के लिए पेश किया जाएगा।

02. केन्द्र सरकार ने बोधगया में बौद्ध ध्यान और अध्यात्म केंद्र बनाने की परियोजना को मंजूरी दी।

03. लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात की आशंका।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।